हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



### सभी आरोपी पकड़े गए, सरेंडर के बाद भेजे गए जेल

# मोहड़ गोली कांडः दस महीने बाद संजय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पिछले साल जून महीने में शहर के मोहड़ वार्ड में हुए गोलीकांड मामले में दस महीने से फरार चल रहे आरोपी संजय सिंह ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। संजय के साथ एक अन्य फरार आरोपी ने भी सरेंडर किया है। अब इस मामले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ज्ञात हो पुलिस विभाग ने संजय सिंह पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 11 जून को रात्रि लगभग 7:00 से 7:30 बजे के बीच ग्राम मोहड़ नदी में अवैध रूप से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण हेतु जेसीबी चालक पहुंचा था। इसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, तभी एक कार में सवार 7-8 व्यक्ति वहां पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मारपीट करते हुए फायरिंग की। उक्त रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 257/2025 धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस, तथा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं खनिज अधिनियम की धारा 21 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में तत्काल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि आधा दर्जन से अधिक आरोपी फरार हो गए थे।

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय से उद्घोषणा कार्यवाही कराई गई तथा आरोपियों के निवास स्थान ग्वालियर एवं भिंड में उद्घोषणा चस्पा कराई गई एवं भिण्ड, मुरैना एवं ग्वालियर के समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया गया जिसमें उक्त आरोपियों को 16 मार्च तक न्यायालय में उपस्थित होने कहा गया था। उक्त कार्यवाही के परिणाम स्वरूप दोनों फरार आरोपी दिनांक 10 मार्च को न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए, जिन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना बसंतपुर को सुपुर्द किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत दोनों आरोपियों का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया।

संपति कुर्की के भय से आरोपियों ने किया सरेंडर



### यह आरोपी पकड़े गए

गोलीकांड मामले में भगवती निषाद, उम्र 49 वर्ष, निवासी जिला दुर्ग, संजय रजक, उम्र 48 वर्ष, निवासी जिला राजनांदगांव, अभिनव तिवारी, उम्र 42 वर्ष, निवासी जिला राजनांदगांव, अतुल सिंह तोमर, उम्र 24 वर्ष, निवासी जिला ग्वालियर, जितेन्द्र नारौलिया, उम्र 30 वर्ष, निवासी जिला ग्वालियर, अमन सिंह परिहार, उम्र 27 वर्ष, निवासी जिला ग्वालियर, अभय सिंह तोमर, उम्र 20 वर्ष, निवासी जिला भिण्ड, कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उम्र 24 वर्ष, निवासी जिला ग्वालियर, फल्ली उर्फ मनू उम्र 25 वर्ष, निवासी जिला मुरैना शामिल है।

### गिरफ्तारी वारंट हुआ था जारी

इस मामले में दो आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिनमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल रहे संजय सिंह भी था। संजय की गिरफ्तारी के लिए पिछले 10 महीने से पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन पुलिस को सफलता हासिल नहीं हो रही थी। लेकिन मंगलवार को संजय सिंह, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्वालियर ने अपने साथी अमन बैसन्दर, उम्र 28 वर्ष, निवासी जिला ग्वालियर सरेंडर किया है। इन दोनों के खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

### विपक्षी भी थे हमलावर

ज्ञात हो मोहड़ में हुए रेत को लेकर गोलीकांड मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाने एवं मामले को लेकर कांग्रेस भी लगातार हमलावर थी। कांग्रेस ने इस मामले को विधानसभा में भी उठाया था, इसके अलावा स्थानीय स्तर पर भी कई धरने-प्रदर्शन इसको लेकर किए गए थे। कांग्रेस संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं होने के पीछे प्रदेश सरकार का संरक्षण होने का आरोप भी लगा रही थी।






## खबर संक्षेप



### पांच को बीमा क्लेम का भुगतान

**खड़गांव।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी अंतर्गत नामिनी को क्लेम भुगतान किया गया। निलिमी जैन ने बताया कि अब तक पांच लोगों को क्लेम मिल चुका है सभी नामिनी को 4 लाख का चेक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा दिया गया। सभी ने क्लेम मिलने पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक और निलिमा जैन का आभार व्यक्त किया है।

### सम्मान समारोह आज

**सड़क अतरिया।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कल बुधवार को विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा का जन्मदिन उल्लास से मनाया जाएगा। जन्मदिवस के मौके पर छुईखदान के मंगल भवन में दोपहर साढ़े 12 बजे क्षेत्र के साहित्यकार, नवनियुक्त जिला एवं ब्लाक अध्यक्षों का सम्मान समारोह रखा गया है। ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल ने सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की है।

### केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ होने के साथ प्रांताध्यक्ष पद हेतु चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। केंद्रीय चुनाव कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष गजानन मिश्रा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय साहू, जगदीप बजाज, देवाशीष दास, हरिश्चंद्र यादव, सुरेश ढीढी, राजेश कामले आदि मौजूद थे। प्रांताध्यक्ष पद के उम्मीदवार योगेश चौरे ने बताया कि यह कार्यालय आगामी 28 मार्च को मतदान और मतगणना के अगले दिन तक संचालित होगा। संचालन के लिए कार्यालय प्रभारी सुरेश ढीढी, लोकेश वर्मा, कार्यालय मंत्री राकेश ठाकुर को बनाया गया है।

### बढ़ती महंगाई से टूटी जनता की कमर

**छुरिया।** जिला कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर



हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार देश की जनता को केवल महंगाई की सौगात दे रही है। लगातार कीमतों के बढ़ने से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। श्री साहू ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, आटा-दाल, सब्जियों सहित रोजमर्रा की लगभग हर वस्तु की कीमत आसमान छू रही है। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। आम परिवारों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा देश की जनता भुगत रही है।

### महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान



**सोमनी।** समीपस्थ ग्राम पंचायत ठेकवा ( फरहद) में महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायिका एवं मितानिनों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सरपंच द्वारा नारी शक्ति के संदर्भ में अपनी उद्बोधन प्रस्तुत किया और साथ ही उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोजगार सहायिका एवं मितानिनों को एक श्रीफल एवं साड़ी भेंटकर नारी शक्ति को सम्मानित किया।

### नगर अध्यक्ष ने की स्वच्छता अभियान की गहन समीक्षा

# स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं लापरवाह कर्मियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर को स्वच्छ बनाने के लिए निकाय सफाई विभाग के कर्मचारियो की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने वाले वर्करो को दो टूक शब्दों में आगाह किया गया कि वह अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाए अन्यथा कडी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सोमवार को सफाई विभाग के कर्मचारियों की बैठक में मुख्य मार्गों एवं वार्डो में नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियो से कहा कि यह ऐसा कार्य है जिसमें बहानेबाजी नही कर सकते है। स्वच्छता से जुडे कार्य पहली प्राथमिकता है क्योंकि यह कार्य लोगो के स्वास्थ्य एवं जीवन से जुडा है। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



#### कचरा फैलाने पर लगेगा जुर्माना

बैठक में बताया गया कि घर घर डस्टबीन वितरित किया जा चुका है किन्तु कुछ चौक चौराहों एवं मेनरोड में कचरा डालने की शिकायतें आ रही है। नगर अध्यक्ष ने निर्देशित किया की कचरा डालने वालों को चिन्हाकिंत कर व्यवाहर में परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाए। इसके बाद भी शिकायतें आती है तो नगर पालिका एक्ट एवं एसबीएम अंतर्गत कार्रवाई की जाए।

#### लापरवाही करने पर कटेगा वेतन

बैठक में अध्यक्ष को सफाई दरोगा एवं सफाई प्रभारी ने बताया कि कुछ ऐसे भी कर्मचारी है जो बिना सूचना के गायब हो जाते है। स्वीपर बिना सूचना एवं अवकाश के हर एक- दो दिन में गायब हो जाते है। उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई, वेतन रोकने व कटौती करने की मांग की गई। नगर अध्यक्ष ने कहा कि किसी के खिलाफ कार्रवाई करना या वेतन कटौती करना उददेश्य नही है किन्तु सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि प्लेंसमेट कर्मचारी गलतिया दोहराते है तो वह अपनी नौकरी खोने के लिए तैयार रहे और यदि नियमित कर्मचारी है तो वह स्थानांतरण के लिए तैयार रहे।

## सरकारी दुकान से हो रही शराब की अवैध निकासी




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शासकीय शराब दुकानों से शराब की निकासी धडल्ले से जारी है। कोचिएं बड़े पैमाने पर शराब लेकर होटल, ढाबों और चौक चौराहों में बेच रहे है।

आबकारी अमला की सांठगांठ से कटली, मेढा एवं बोरलाव शराब दुकानों से कोचियों को शराब की सप्लाई हो रही है। इस एवज में दुकान के कर्मचारियों को कमीशन मिल रहा है। दुकान में लोगों को उनकी पसंद की शराब नहीं दी जा रही है जबकि वह शराब शहर में अवैध रूप से बिक रही है। एक ओर पुलिस अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने प्रयासरत है तो दूसरी तरफ आबकारी विभाग अवैध शराब के कारोबार को बढ़ावा दे रहा है।

#### शराब तस्कर सक्रिय

जानकारी के अनुसार कटली, मेढा, बोरतलाव की शराब दुकान में भीड़ कम के दौरान दर्जनों कोचियों को थोक में शराब दिया जाता है जिसके चलते अवैध शराब के धंधे को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं क्षेत्र में शराब तस्करों का गैंग सक्रिय हैं जो नगर में घूम घूम कर शराब बेचते है। शहर में शराब दुकानों के अलावा शहर में मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की षराब भी कोचिया बेच रहे है।

## होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सर्व ब्राह्मण समाज परिक्षेत्र छुरिया का होली मिलन कार्यक्रम मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम सभी ने मां दंतेश्वरी की पूजन अर्चना किया। अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर टीकमप्रसाद पांडे, अवधेश दुबे, डॉ प्रकाश शर्मा, राहुल तिवारी, डॉ आलोक मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, प्रकाश पांडे, धीरेंद्र तिवारी, मनीष चतुर्वेदी, तोरण शर्मा, राधेश्याम शर्मा, योगेंद्र तिवारी, शंकर प्रसाद दुबे, उत्तम दुबे, चेतन दुबे, राजेश तिवारी, दीपक दुबे, गोपाल तिवारी, सुनील पांडे, बंटी तिवारी, दिलीप तिवारी, नरेश शुक्ला, दीपिका पांडे, सुनीता पांडे, नूतन तिवारी, मुस्कान दुबे, सुषमा दुबे, पिंकी दुबे, डॉ दिग्विजय शर्मा, राजेश शुक्ला एवं अन्नपूर्णा शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## चार साल से जल मिशन योजना लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम सीतागोटा में जल जीवन मिशन की स्थिति चिंताजनक है। लगभग दो हजार आबादी वाले इस गांव में योजना का कार्य चार साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक आते ही जल संकट बढ़ने लगा है।

ग्रामीणों के अनुसार इस योजना को 27 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण करना था। करीब 1 करोड़ 15 लाख की लागत वाली इस परियोजना के तहत एक पानी टंकी, 486 मीटर पाइपलाइन विस्तार और 363 घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। चार साल बाद भी योजना का कार्य अधूरा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ मीटर पाइप लाइन बिछ पाई है और लंबे समय से काम बंद है। ग्राम के विजय टेम्बुरकर, दामोदर बागढे, रजन यादव, गंगा प्रसाद, यशवंत हरदयाल और पंचराम लिल्हारे ने बताया कि गांव में पानी की स्थिति काफी खराब है। अधिकांश लोग आज भी हैंडपंप पर निर्भर हैं। कई स्थानों पर मटमैले पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। गांव में 10 तालाब है जिसमें से केवल दो तालाब में साल भर पानी रहता है।



#### सालों से कार्य लंबित

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2017 से पानी टंकी व पाइप कार्य अधूरा है। विधायक दलेश्वर साहू ने एक पानी टंकी के साथ पांच वार्डो में पानी आपूर्ति की व्यवस्था की थी, लेकिन यह व्यवस्था भी बंद होने की स्थिति में है। सरपंच बबिता टेम्बुरकर ने बताया कि जल जीवन मिशन की स्थिति को लेकर शिकायत किया गया है लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। पीएचई विभाग के एसडीओ गिरेन्द्र साहू ने बताया कि संबंधित ठेकेदारों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने अब तक काम शुरू नहीं किया है।

## शैक्षिक असमानता दूर करने पर दिया जोर



■ पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ एल बी नगर

समाजिक जागरूकता अभियान अंतर्गत परिवार सम्मेलन का आयोजन आलेदंड ,चारभाटा, कोहलाकसा में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात भक्त माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि साहू समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है फिर भी युवक युवतियों में असमानता है जिसे सामाजिक जागरूकता से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में कमलेश साहू, रामाधीन साहू, रोहित साहू, उमा साहू, आरती साहू, हनुमान साहू, दुर्गेश साहू, उभेराम साहू, मिलेश साहू, महेतरु साहू, मनोज साहू, गुलाब साहू, रोहित साहू, रामखिलावन, चंद्रकांत, ललिता, कैलाशबाई साहू, पुरषोत्तम साहू, हेमप्रकाश सहित अन्य शामिल हुए।

## लाखों खर्च पर सूख गए पौधे

**डोंगरगढ़।** हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर मुरमुंदा-डोंगरगढ़ मार्ग पर बने डिवाइडर में पौधारोपण किया गया था। लाखों रुपए खर्च करने के बाद आज एक भी पौधा जीवित नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि योजना के तहत



डिवाइडर में पौधे लगाए गए थे ताकि सड़क की सुंदरता बढ़े और पर्यावरण को लाभ मिले। कागजों में पौधारोपण पूरा कर भुगतान कर दिया गया है । डिवाइडर पर न तो पौधे दिखते हैं, न ही उनके रख-रखाव के कोई निशान। जानकारी के अनुसार प्रति पौधा रख-रखाव और सुरक्षा मद में भुगतान किया गया है जिसके बाद एक भी पौधा जीवित नहीं बचा है।

## रोजगार पर अतिथि व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में मंगलवार को रोजगार पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि धुर्वा राव माडिया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़ के प्राचार्य गोकुल निषाद थे।

सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा श्री निषाद के संघर्षशील जीवन के बारे में जानकारी देकर विद्यार्थियों को उनका जीवन से प्रेरणा लेने प्रेरित किया। श्री निषाद ने विद्यार्थियों को आसपास के वातावरण, अवसर एवं चुनौतियों को जानकर नई खोज की ओर अग्रसर होने कहा। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन से प्राचार्य बनने तक के सफर में आई चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से बताया। संचालन कंचन साहू ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन , डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, शुभि जैन, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, संध्या कुमारी, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे आदि शामिल हुए।

## शबाना खान का सम्मान

**खडगांव।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दीदियों और महिलाओं का सम्मान जिला प्रशासन ने मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में किया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर तूलिका प्रजापति, जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने शबाना खान को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। नीलिमा जैन ने बताया कि वह लंबे समय से महिला समूहों के साथ मिलकर आजीविका गतिविधियों का संचालन करते हुए गुलाल निर्माण, राखी निर्माण तथा हर्बल उत्पादों के निर्माण के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़ रही हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्याएं आदि शामिल हुई।



#### महिला सशक्तिकरण पर जोर



हैहयवंशी कसेर समाज की महिला मंडल की महिलाओं ने उल्लास के साथ महिला दिवस, रंगपंचमी, होली मिलन सेलिब्रेट किया। ममता हरिहरणो के निवास पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना से हुई। इस दौरान होली गीत, गेम और नृत्य में हिस्सा लेकर महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिला दिवस मनाते हुए समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने पर जोर दिया गया । कार्यक्रम में महिला समाज की अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भरतद्वाज, कोषाध्यक्ष ममता हरिहारनो, शशि हरिहारनो, राजकुमारी हरिहारनो, रेखा हरिहारनो, शैल, विभा हरिहारनो, रजनी, मुक्ता, पूजा हरिहारनो, पूजा, विनीता हरिहारनो, ज्योति हरिहारनो, सरस्वती हरिहारनो, सुनंदा खमहेले, अनिता हरिहारनो, संगीता हरिहारनो, विजेता हरिहारनो, अंजू हरिहारनो आदि शामिल हुई।

## बैठक में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

**खडगांव।** क्षेत्र की लगभग 25 पंचायतों के सरपंचों की बैठक मंगलवार को जनपद सभापति सईदा खान के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में विद्युत आपूर्ति और आवागमन असुविधा को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक मे पंचायत प्रतिनिधियों ने विद्युत आपूर्ति और आवागमन असुविधा को विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि विद्युत विभाग ने सिर्फ एक ट्रांसफार्मर लगाया है जिसके कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है और आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग से एक ट्रांसफार्मर लगाने का कहा गया था जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कल 11 मार्च को कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। पंचायत



प्रतिनिधियों ने बताया कि नेशनल हाईवे निमार्ण के कारण विभाग का आफिस बहुत नीचे हो गया है जिसके कारण आवागमन में असुविधा हो रही है और हमेशा दुर्घटना होने का भय बना रहता है। कलेक्टर को सईदा खान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष पुष्प मंडावी, सईदा खान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कुरैटी, एलेंद त्रिपाठी, रमिला ध्रुवे, सत्यदेवी टेकाम, सुरेखा सोरी, करण बोगा, रतिराम मंडावी, हीरालाल धुर्वे, रामदयाल गावड़े, प्रीति कोठारी, संतोषी मंडावी मौजूद रहेंगे।

## स्वच्छता ही समाज की सच्ची सेवा

**छुरिया।** ग्राम भर्रीटोला (ब) में छग झेरिया धोबी समाज ने संत गाडगे बाबा जयंती एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जगजीत सिंह भाटिया, गीता साहू, विश्राम निर्मलकर, डॉ. लेखराम निर्मलकर, डॉ.हेमसिंग निर्मलकर, जीवन निर्मलकर, लेखराम निर्मलकर शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा संत गाडगे बाबा ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया था। वह जहाँ भी जाते सबसे पहले सफाई करते थे। वह हाथ में झाड़ू लेकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते थे। उनका मानना था कि स्वच्छता ही सच्ची सेवा है। प्रांतीय अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने बताया कि गाडगे जी ने अंधविश्वास, छुआछूत और कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। इस दौरान गीता साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चुडामणि, योगेश,



बलराम, राधिका चंद्रवंशी, उभेराम मंडावी, अग्नूराम, भगवानसिंह, धन्नालाल, देवानंद सहारे, नैनसिंह पटेल, अशोक सेन, पंत निर्मलकर, देवनाथ, उत्तम सहित अन्य मौजूद थे।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत मुढ़ीपार, जपं खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई छ.ग. क्रमांक 6 बाजार नीलामी वर्ष 2026-27**

दिनांक 26/02/26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026/27 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार/दैनिक हटरी बाजार/ मवेशी बाजार की नीलामी गुरुवार दिनांक 12/03/2026 को दोपहर 01 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक मे पारित प्रस्ताव क्रमांक 3 दिनांक 26/02/26 अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन मे नियमानुसार होगी।

1. साप्ताहिक बाजार- अमानत राशि 50,000/-रुपए
2. दैनिक हटरी बाजार- अमानत राशि 10,000/-रुपए
3 मवेशी बाजार- अमानत राशि 2,000/- रूपए

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली मे शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय मे सूचना पटल पर किया जा सकता है।

भागवत साहू
सचिव

कुमेश साहू
सरपंच





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



# चयनित स्थल पर होगी श्वानों की सेवा, निगम द्वारा बनाए जा रहे फीडिंग जोन

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश बाद शहर में बनाई गई व्यवस्था, निगम जल्द अवारा कुत्तों के लिए बनाएगा यार्ड!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आवारा कुत्तों को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद अब व्यवस्थित किए जाने की दिशा में सकारात्मक कार्य शुरू किया है। पहले स्कूलों के आसपास आवारा श्वान के खतरे को देखते हुए शिक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अब श्वान प्रेमियों को दृष्टिगत रखते श्वानों को भोजन देने स्थल सुनिश्चित किया जा रहा है। शहर के सभी वार्डों में नगर निगम द्वारा स्वान सेवा केन्द्र बनाया जा रहा है।

उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत राज्य शासन द्वारा शहरी निकायों में श्वान सेवा फीडिंग केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। इन केंद्रों का उद्देश्य आवारा कुत्तों के लिए स्थान सुनिश्चित करना है, ताकि आवारा कुत्तों को इर्द-गिर्द भोजन न देकर एक सुनिश्चित जगह पर भोजन देने से वार्डों में श्वानों को लेकर स्थिति बेहतर हो सके। वर्तमान में आवारा कुत्ते को पशु प्रेमियों द्वारा जगह-जगह भोजन दिया जाता है। जिससे गंदगी होने के साथ ही बस्ती के बीच कुत्तों का झुंड लगा रहता है। वहीं अब एक निश्चित जगह पर भोजन देने की व्यवस्था बनाए जाने से जगह-जगह लगने वाले झूंड को रोका जा सकेगा।

### गंदगी फैलाने पर होगी कार्रवाई

नगर निगम द्वारा श्वान सेवा केंद्र के लिए अलग-अलग वार्डों में स्थल का चयन किया गया है। वहीं यहां पर एक सीमेंट का चबूतरा बनाकर इसमें दो गड्ढे बनाए जा रहे हैं। जिसमें एक गड्ढे पर भोजन और दूसरे में जल डालने की व्यवस्था करते हुए निगम द्वारा श्वान सेवा केन्द्र का बोर्ड लगाया गया है। वहीं श्वान प्रेमियों से अपील की गई है कि निर्धारित स्थल पर ही श्वान के लिए भोजन डाले। वहीं श्वानों को कहीं भी इर्द-गिर्द भोजन देकर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।




### बढ़ेगी सामुदायिक भागीदारी

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या नियंत्रण के लिए नगर निगम के माध्यम से बधियाकरण किया जाता है। वहीं अब कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर खाना खिलाना और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना इसमें शामिल है। चिन्हित स्थानों पर फीडिंग जोन बनाए जाने से इस ओर सामुदायिक भागीदारी भी बढ़ेगी।

### पर्यवेक्षण के लिए सूचना बोर्ड

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर स्कूलों के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित स्कूलों को नोडल अधिकारी के संबंध में डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से जानकारी दिया जाना है। इस बोर्ड पर स्कूल संस्था का नाम, नोडल अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल नंबर और निदान 1100 हेल्प लाइन लिखा जाना है। यह बोर्ड प्राइवेट स्कूलों के बाहर तो नजर आ रहा है, लेकिन शासकीय स्कूलों के परिसर में बोर्ड दिखाई नहीं दे रहा है।

## पदयात्रा मार्ग का किया निरीक्षण, बन रही व्यवस्था

# नवरात्रि की तैयारी: पदयात्रा मार्ग व यातायात पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में दर्शन हेतु प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न जिलों से पदयात्रा करते हुए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा आज अधिकारियों के साथ संपूर्ण मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी अलेक्जेंडर किरो तथा यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अंजोरा से डोंगरगढ़ तक लगभग 61.8 किलोमीटर लंबे मार्ग का विस्तृत भ्रमण किया गया तथा मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख चौक-चौराहों, पड़ाव स्थलों एवं संभावित भीड़ वाले स्थानों का जायजा लिया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि पदयात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, सड़क के निर्धारित हिस्से पर ही चलें तथा सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर सकें।



### अंजोरा से होगा वन वे

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस वर्ष अंजोरा ग्राम से आगे मार्ग को वन-वे किया जाएगा, साथ ही मार्ग के एक हिस्से को विशेष रूप से पदयात्रियों के लिए सुरक्षित एवं आरक्षित किया जाएगा, जिससे पैदल श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त समन्वित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पड़ोसी जिलों दुर्ग एवं महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि अंतर जिला मार्गों पर भी यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### पदयात्रियों को मिलेगा रिफ्लेक्टर स्टिकर

पदयात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष राजनांदगांव पुलिस द्वारा पदयात्रियों को रेडियम बेल्ट तथा बैग,शर्ट पर लगाने हेतु रिफ्लेक्टर स्टीकर वितरित किए जाएंगे, ताकि रात्रि के समय भी दूर से ही पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को वाहन चालक स्पष्ट रूप से देख सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

### 16 को होगा पूर्वाभ्यास

व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 16 मार्च को राजनांदगांव पुलिस द्वारा संपूर्ण पुलिस बल एवं स्टॉपर्स के साथ रियल-टाइम रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) किया जाएगा।जिससे ड्यूटी पर तैनात होने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने दायित्वों की स्पष्ट जानकारी हो सके तथा यदि किसी प्रकार की कमी सामने आती है तो उसे नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व ही दूर किया जा सके।

### यातायात व्यवस्था की योजना तैयार

निरीक्षण के दौरान पदयात्रियों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टॉपर्स, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, प्रकाश व्यवस्था तथा रूट प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का विस्तृत परीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही तुमड़ीबोड़ मार्ग से आने वाले पदयात्रियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए उस मार्ग का भी अवलोकन कर यातायात व्यवस्था की योजना तैयार की गई।

# नकली शराब-बीयर बेचने का आरोप कांग्रेसियों ने घेरा आबकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्रीमियम वाइन शॉप में एक्सपायरी डेट मिटी और डबल लेबलिंग की गई बीयर की केन मामले को लेकर आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आबकारी विभाग का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नकली शराब, बीयर बेचे जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

शराब की खाली बोतल में मुख्यमंत्री की तस्वीर लगाकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं कलेक्टोरेट के भीतर पहुंचकर आबकारी विभाग के गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता में आबकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी शराब की खाली बोतल भेंट करने कोशिश की।

### बच्चों को रोकने व्यवस्था नहीं

सोमवार को शराब दुकान में शहर के एक निजी स्कूल के दो बच्चों के द्वारा शराब लेने पहुंचे जाने के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि आबकारी विभाग लापरवाह बना हुआ है । शराब दुकान तक पहुंचने से पहले बच्चों को रोक दिया जाना था।



विभागीय लापरवाही के चलते स्कूली बच्चे काउंटर तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि यहां कोई गार्ड भी नहीं रहता है, जो बच्चों को यहां आने से रोक सके ।

### कार्रवाई की मांग

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में नकली शराब और बीयर बेची जा रही है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर को शराब का गढ़ बनाया जा रहा है। कांग्रेस शासन काल में यहां सिर्फ दो दुकान थी, जो अब भाजपा शासन में सात दुकान हो गई है। इस मामले में जितने भी लोग संलिप्त हो सभी पर कार्रवाई की जाए।

### प्रीमियम शॉप को बंद करने मांग

नकली बीयर के मामले को लेकर प्रदर्शन करने आबकारी विभाग पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आबकारी अधिकारी के सामने बीयर केन में लगी ऊपरी रैपर को फाड़कर भीतर दूसरी ब्रांड को दिखाते हुए इस मामले में विरोध प्रकट किया। उन्होंने इस बीयर को बेचने वाले प्रीमियम वाइन शॉप को तत्काल बंद करने मांग की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस पदाधिकारी अभिमन्यु मिश्रा, गणेश पवार, शरद पटेल, विप्लव शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, मृतक की शिनाख्ति का लालबाग पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना लालबाग के धारा 281,125(ए) बी.एन.एस. के आहत अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष जो 3 मार्च को पेंड्री पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के द्वारा दुर्घटना किए जाने तथा आहत अचेत अवस्था में मेडिकल कालेज पेंड्री अस्पताल में भर्ती होने बाबत जरिये फोन से सूचना प्राप्त होने पर अपराध पंजीबद्ध कर आहत एवं अज्ञात वाहन व चालक का पता तलाश में लिया गया था।



### शिनाख्ति का प्रयास

पुलिस के अनुसार घायल अज्ञात पुरुष का 9 मार्च को मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है। अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 50 साल का नाम पता तथा वारिसानों का वर्तमान में पता नहीं चल पाया है । पुलिस ने अपील की है कि अज्ञात आहत के बारे में दर्ज गुम इंसान हो तो अपने अपने थाना क्षेत्र में पता तलाश कर जानकारी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को सूचित करें।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड, आरोपी गिरफ्तार

- सोमनी पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील विडियो अपलोड करने के मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीपीडब्लु योजना अंतर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा साइबर पोर्टल के माध्यम से प्रेषित सायबर टिप लाईन सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराधों की रोकथाम हेतु आरोपियों के विरूद्ध किये जा रहे कार्यवाही के तहत आरोपी अरविन्द पाण्डेय जिनके द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड किया गया था। थाना सोमनी में धारा 67(बी) आई टी एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के मुताबिक मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में तकनीकी सहयोग से आरोपी का पता तलाश किया गया, आरोपी अरविंद पांडेय 29 वर्ष निवासी पाण्डेपुरवा चिकना बाजार जिला गोंडा उत्तर प्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन व सिम को जब्त कर विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम खुज्जी, बघमार, साल्हे, लक्ष्मणभरदा, गनेरी-मनेरी, नादिया तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नागरकोहरा, बरछाटोला, कल्लूटोला, मोतीपुर, बंशीबंजारी क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



खनिज अमला द्वारा इन क्षेत्रों में खनिज रेत एवं मुरूम के अवैध परिवहन व उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें नागरकोहरा निवासी भारत साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी08 ए डब्ल्यू 3323 एवं हाईवा-सीजी 08 एएच 7389 तथा मुरूम-मिट्टी को थाना चिचोला सुपुर्द किया गया। पाण्डुका निवासी तिरथदास साहू के स्वामित्व की ट्रैक्टर जॉन डियर-सोल्ड हरा रंग एवं रेत तथा लक्ष्मणभरदा निवासी भानूराम गोड़ के स्वामित्व की टैक्टर स्वराज-सोल्ड नीला रंग एवं रेत को थाना डोंगरगांव सुपुर्द किया गया।



खबर संक्षेप

## सेवानिवृत्त पर प्राचार्य को दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल गठुला की प्राचार्य रेणुका महेश नामदेव के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा शाला प्रांगण में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि प्राचार्य रेणुका नामदेव व अध्यक्षता गठुला सरपंच चित्ररेखा ठाकुर ने की। विशिष्ठ अतिथि शाला विकास समिति गठुला के अध्यक्ष टुकेश्वर साहू, ललिता टारजन, जेड साहू, हेमलाल साहू उपस्थित रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य के परिजन क्रमशः पति महेश नामदेव, दोनों पुत्रियां श्रीमती पूजा वर्मा व श्रीमती प्रतिष्ठा श्रीवास्तव सपरिवार शामिल रही। शाला परिवार की ओर से आयोजन में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल के शिक्षकगण, कार्यालय स्टाफ, संकुल केन्द्र गठुला के सभी शिक्षक, ग्राम गठुला के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण एवं शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।आयोजन में अतिथियों ने बारी-बारी से सभा को संबोधित किया और प्राचार्य के गठुला स्कूल के कार्यकाल को उपलब्धियों से परिपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता निवृत्तमान प्राचार्य रेणुका नामदेव ने शाला में बिताए अपने कार्यकाल को अपने जीवन का अविस्मरणीय समय बताया। आयोजन के अंत में शाला परिवार के ओर से प्राचार्य श्रीमती रेणुका नामदेव को स्मृति चिन्ह देते उपस्थित छात्रों, ग्रामवासियों एवं शाला स्टाफ की आंखे नम हो गई।

### बोधगया महाबोधि महाविहार का प्रबंधन सौंपने की मांग

# बौद्ध समाज ने किया धरना प्रदर्शन बीटी एक्ट निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोधगया में पूर्ण प्रबंधन बौद्ध समाज को सौंपे जाने की मांग को लेकर स्थानीय कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया । इस दौरान कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि भारतीय संविधान अनुच्छेद 13 का परिपालन करते हुए बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त किया जाये। वहीं बौद्धों को बोधगया महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन सौंपा जाये।

धरना प्रदर्शन के दौरन बौद्ध समाज के भिक्खु धम्मतप ने कहा कि भारत में संविधान लागु होने के पूर्व बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 बीटी एक्ट का निर्माण कर बौद्धों को पूर्णतः महाबोधि महाविहार प्रबंधन से वंचित रखा गया। 1950 संविधान लागु हुआ है लेकिन बोधगया मंदिर अधिनियम बीटी एक्ट भारतीय संविधान के अनुच्छेद का उल्लंघन करता है। अनुच्छेद 13 के अनुसार 26 जनवरी 1950 से पहले सभी कानून, अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान है। देश की आजादी के 79 साल बाद भी यह बीटी एक्ट चलते रहना संविधान की अवमानना है। एवं बौद्धों के साथ अन्याय पूर्ण कानून है ।




### वर्षों से चल रहा आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान मांग की गई कि बोधगया में 58 सालों से आंदोलन चल रहा है। महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को मिलना चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर दिनांक 12 फरवरी 2025 से ऑल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम के माध्यम से बोधगया में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन चल रहा है। बौद्ध समाज ने कहा कि सभी धर्म का प्रबंधन उसी धर्म के अनुयायियों द्वारा किया जाता है। फिर बौद्ध समाज को प्रबंधन क्यों नहीं दिया जा रहा है ।

### समाज ने मांगा अधिकार

राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि महाबोधि महाविहार के प्रबंधन में 4 हिन्दू एवं 4 बौद्ध एवं गया जिला मजिस्ट्रेट उसके पदेन अध्यक्ष होंगे। अनवरत आंदोलन चलते रहने के कारण वर्ष 2013 में बिहार सरकार द्वारा इसमें संशोधन किया गया । इस संशोधन के द्वारा अधिनियम में यह प्रावधान किया गया था कि जिला मजिस्ट्रेट, जो पहले केवल हिन्दू हो सकता था, अब किसी भी धर्म का हो सकता है और यह महाबोधि महाविहार का पदेन अध्यक्ष होगा। समाज के लोगों ने मांग करते हुए पूर्ण प्रबंधन बौद्ध समाज को दिए जाने कहा है ।

# राजनांदगांव प्रेस क्लब चुनाव का ऐलान, 15 मार्च को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रेस क्लब भवन राजनंदगांव में मंगलवार को संस्था के संरक्षक सुशील कोठारी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रेस क्लब राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के 3 वर्षीय आगामी कार्यकाल के निर्वाचन के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर संरक्षक सुशील कोठारी, सीएल जैन सोना, जितेंद्र मिश्रा, अशोक पांडे, पुरुषोत्तम तिवारी, अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, श्याम खंडेलवाल, कमलेश स्वर्णकार, दीपांकर खोबरागड़े, अजय सोनी एवं अन्य सदस्यों ने भी संबोधित किया। कुछ सदस्यों ने अपने सुझाव भी रखे हैं। तत्पश्चात नियमानुसार आय व्यय का लेखा-जोखा रखा गया। आडिट रिपोर्ट की जानकारी दी गई।

इसके पश्चात क्लब की आगामी 3 वर्षीय कार्यकाल के लिए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए चुनाव प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर भारद्वाज और अधिवक्ता मनोज चौधरी को नियुक्त किया गया। इस बैठक में अपील समिति का भी गठन कर दिया गया है।

### मतदाता सूची का प्रकाशन

अपील समिति में प्रमुख रूप से संस्था के संरक्षक सी एल जैन सोना, पुरुषोत्तम तिवारी और जितेंद्र मिश्रा शामिल किए गए हैं। उसके बाद मतदाता सूची का प्रकाशन दोपहर 2:00 बजे कर दिया गया। 11 मार्च 2026 को दावा आपत्ती का निराकरण दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। 11 मार्च 2026 को शाम 5:00 बजे तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### अंतिम उम्मीदवारों की सूची 14 मार्च को वितरण

12 मार्च 2026 को नामांकन पत्रों का वितरण सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। नामांकन पत्रों को 12 से 13 मार्च को सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक जमा किया जाएगा। नामवापसी 13 मार्च 2026 को शाम 5:00 बजे तक लिया जा सकेगा। अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन और सिंबाल का वितरण 14 मार्च 2026 को किया जाएगा।

### मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी

15 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्रेस क्लब राजनंदगांव में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी ततपश्चात मतगणना की जाएगी और परिणाम की घोषणा होगी। इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर भारद्वाज और मनोज चौधरी को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। सहायक के रूप में अधिवक्ता विमल हाजरा, खेमराज वर्मा और मनीष तिवारी रहेंगे।

# चौराहों में सिग्नल का सिस्टम बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्रमुख चौक–चौराहों पर यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु ट्रैफिक सिग्नल संचालन में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक और यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख चौक–चौराहों पर संचालित ट्रैफिक सिग्नलों का अवलोकन कर यातायात दबाव (ट्रैफिक कंजक्शन) का विश्लेषण किया गया।

विश्लेषण के दौरान यह पाया गया कि शहर के राम दरबार चौक, आर.के. नगर चौक एवं राज इम्पीरियल चौक पर चारों दिशाओं में ट्रैफिक सिग्नल संचालित किए जा रहे थे, जबकि एक दिशा में यातायात का दबाव अपेक्षाकृत बहुत ही कम या रोड नहीं होने के कारण उस दिशा में ट्रैफिक सिग्नल की आवश्यकता नहीं पाई गई।



### समय में 20 सेकंड की कमी

उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित दिशा के ट्रैफिक सिग्नल को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस व्यवस्था के लागू होने से शेष तीन दिशाओं के सिग्नलों के संचालन समय में लगभग 20 सेकंड की कमी आएगी, जिससे वाहनों की आवाजाही अधिक सुचारू रूप से हो सकेगी।

### नई व्यवस्था में करे सहयोग

इस नई व्यवस्था से चौक–चौराहों पर यातायात का दबाव कम होने, जाम की स्थिति में कमी आने तथा यातायात के बेहतर नियंत्रण में सहायता मिलने की संभावना है। यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा नई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें, जिससे शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# महापौर ने पुष्पवाटिका का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति लाने एवं उद्यान संवर्धन की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव आज पुष्पवाटिका का निरीक्षण कर योगा हॉल का मरम्मत करने तथा आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उद्यानों के संवर्धन के लिए शहर के सभी उद्यानों का संरक्षण एवं मरम्मत किया जाना है। इसी कड़ी में आज चौपाटी, पुष्पवाटिका का महापौर श्री यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उद्यान की नियमित सफाई करें, आवश्यकता अनुसार डस्टबिन लगाएं तथा



खेल उपकरण व्यवस्थित कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करें एवं आवश्यक मरम्मत कराएं। गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में घास एवं पेड पौधों में पानी डाले। उन्होंने कहा कि चूकि पुष्पवाटिका एवं चौपाटी क्षेत्र बड़ा होने के साथ-साथ पुरानी हो गई है। इस कारण इसका मरम्मत एवं संवर्धन आवश्यक है, जिसे ध्यान में रखकर एवं नागरिकों की सुविधा के लिए समय-समय पर इसका संधारण करना आवश्यक है।




|| जीवेत शरदः शतम् ||
सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी लोकप्रिय विधायक
श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा जी
MARCH
11
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
मान. गिरिराज किशोर दास
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
मान. देवराज किशोर दास
अध्यक्ष, किसान कांग्रेस केसीजी
मान. कोमल साहू
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी
मान. नम्रता गिरिराज वैष्णव
अध्यक्ष, न.पं. छुईखदान
मान. यशोदा नीलाम्बर वर्मा
विधायक, खैरागढ़
गजेन्द्र ठाकरे
रामकुमार पटेल
मनोज चौबे
हेमंत वैष्णव
संजीव दुबे
सज्जाक खान
सुदीप श्रीवास्तव
अनुराग सोनी
अनिमेष महोबिया
कमलेश यादव
दीपक वैष्णव
आशू खान
आलोक यादव
चार वर्षों में किये गये विकास कार्य
01. खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निर्माण, 02. जिला चिकित्सालय की स्वीकृति 38 करोड रू.,, 03. छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा में 50-50 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति, 04. खैरागढ़ कन्या महाविद्यालय एवं जालबांधा व बाजार अतरिया में महाविद्यालय की स्वीकृति, 05. छुईखदान में कृषि महाविद्यालय भवन की स्वीकृति, 06. छुईखदान बुनकर सोसायटी भवन का निर्माण, 07. ग्राम बीरूटोला में हाईटेक नर्सरी का निर्माण, 08. गंडई में हाईटेक सब्जी मंडी का निर्माण - लगभग 12 करोड़ रू., 09. गंडई में पटेल समाज हेतु सामुदायिक भवन- 50 लाख रू. की स्वीकृति, 10. सोनेसरार खैरागढ़ आई.टी.आई. भवन निर्माण, 11. ग्राम देवारीभाठ में प्रशिक्षण भवन निर्माण लगभग 2 करोड रू., 12. सिद्ध बाबा जलाशय एवं नहर नाली लाईनिंग कार्य, 13. सुरही नाला, पिपरिया नाला, लमती नाला, सुखा नाला आदि में नहर लाईनिंग कार्य लगभग 600 करोड रू., 14. पेयजल हेतु जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार, 15. ग्राम आमाघाट कादा, केशला, खपरीकलार, पिपरिया में उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण कार्य, 16. ग्राम अमलीडीह, अकरजन, लालपुर, गोकना, भुरभुसी में स्टॉप डेम कम रपटा निर्माण कार्य, 17. 25 बड़े ग्रामों में हाई मास्क सौर ऊर्जा लाईट का स्थापना लगभग 2 करोड रू, 18. 20 साहू बाहुल्य ग्रामों में माँ कर्मा माता चबुतरा निर्माण कार्य, 19. 20 लोधी बाहुल्य ग्रामों में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति स्थापना, 20. 20 सतनामी बाहुल्य ग्रामों में जैतखाम एवं सौन्दर्यकरण कार्य, 21. 35 बड़े ग्राम पंचायतों में पेयजल हेतु पानी टैण्कर की सुविधा, 22. विभिन्न ग्रामों में समुदायिक भवन, सी. सी. रोड़ की स्वीकृति, 23. खैरागढ़ नगर में साहू समाज, लोधी समाज, राजपूत समाज, देवांगन समाज हेतु सामुदायिक भवन एवं पेंशनर भवन व रूख्खड़ बाबा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 75 लाख रू., 24. क्षेत्र के बड़े बाजारों- बुंदेली, बाजार अतरिया, बिजलदेही, सोनभट्ठा, भावे में बाजार सेड निर्माण कार्य, 25. क्षेत्र के 7 ग्रामों- वीरूटोला, गोपालपुर, भोथली, सीताडबरी, सुखरी, ठाकुरटोला, मोहगांव में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलवाया.
सौजन्य : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता शहीद नगरी छुईखदान


सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी लोकप्रिय विधायक
श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
11 March
Happy Birthday
11 March
श्रीमती दुर्गा भारतलाल सेन
सरपंच अवेली
नरेन्द्र सेन
श्रीमती चित्ररेखा गोलू पाल
सरपंच कुकुरमुड़ा
गोलू पाल
श्रीमती महेश्वरी दानी वर्मा
सरपंच भूलाटोला
दानी वर्मा
तेजराम वर्मा
सरपंच राहुद
गौकरण वर्मा
सरपंच धनगांव
रंजीत रजक
सरपंच पांडुका
सौरव साहू
सरपंच सलोनी
डाकेश्वर वर्मा
सरपंच जुनवानी
श्रीमती फुलेश्वरी साहू
सरपंच सर्रागोंदी
श्रीमती डिंकी वर्मा
सरपंच लिमतरा
योगेश वर्मा
सरपंच चिंगली

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



# चयनित स्थल पर होगी श्वानों की सेवा, निगम द्वारा बनाए जा रहे फीडिंग जोन

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश बाद शहर में बनाई गई व्यवस्था, निगम जल्द अवारा कुत्तों के लिए बनाएगा यार्ड!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आवारा कुत्तों को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद अब व्यवस्थित किए जाने की दिशा में सकारात्मक कार्य शुरू किया है। पहले स्कूलों के आसपास आवारा श्वान के खतरे को देखते हुए शिक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अब श्वान प्रेमियों को दृष्टिगत रखते श्वानों को भोजन देने स्थल सुनिश्चित किया जा रहा है। शहर के सभी वार्डों में नगर निगम द्वारा स्वान सेवा केन्द्र बनाया जा रहा है।

उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत राज्य शासन द्वारा शहरी निकायों में श्वान सेवा फीडिंग केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। इन केंद्रों का उद्देश्य आवारा कुत्तों के लिए स्थान सुनिश्चित करना है, ताकि आवारा कुत्तों को इर्द-गिर्द भोजन न देकर एक सुनिश्चित जगह पर भोजन देने से वार्डों में श्वानों को लेकर स्थिति बेहतर हो सके। वर्तमान में आवारा कुत्ते को पशु प्रेमियों द्वारा जगह-जगह भोजन दिया जाता है। जिससे गंदगी होने के साथ ही बस्ती के बीच कुत्तों का झुंड लगा रहता है। वहीं अब एक निश्चित जगह पर भोजन देने की व्यवस्था बनाए जाने से जगह-जगह लगने वाले झूंड को रोका जा सकेगा।

### गंदगी फैलाने पर होगी कार्रवाई

नगर निगम द्वारा श्वान सेवा केंद्र के लिए अलग-अलग वार्डों में स्थल का चयन किया गया है। वहीं यहां पर एक सीमेंट का चबूतरा बनाकर इसमें दो गड्ढे बनाए जा रहे हैं। जिसमें एक गड्ढे पर भोजन और दूसरे में जल डालने की व्यवस्था करते हुए निगम द्वारा श्वान सेवा केन्द्र का बोर्ड लगाया गया है। वहीं श्वान प्रेमियों से अपील की गई है कि निर्धारित स्थल पर ही श्वान के लिए भोजन डाले। वहीं श्वानों को कहीं भी इर्द-गिर्द भोजन देकर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।




### बढ़ेगी सामुदायिक भागीदारी

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या नियंत्रण के लिए नगर निगम के माध्यम से बधियाकरण किया जाता है। वहीं अब कुत्तों को सुरक्षित स्थान पर खाना खिलाना और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना इसमें शामिल है। चिन्हित स्थानों पर फीडिंग जोन बनाए जाने से इस ओर सामुदायिक भागीदारी भी बढ़ेगी।

### पर्यवेक्षण के लिए सूचना बोर्ड

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर स्कूलों के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित स्कूलों को नोडल अधिकारी के संबंध में डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से जानकारी दिया जाना है। इस बोर्ड पर स्कूल संस्था का नाम, नोडल अधिकारी का नाम, पद, मोबाइल नंबर और निदान 1100 हेल्प लाइन लिखा जाना है। यह बोर्ड प्राइवेट स्कूलों के बाहर तो नजर आ रहा है, लेकिन शासकीय स्कूलों के परिसर में बोर्ड दिखाई नहीं दे रहा है।

## पदयात्रा मार्ग का किया निरीक्षण, बन रही व्यवस्था

# नवरात्रि की तैयारी: पदयात्रा मार्ग व यातायात पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में दर्शन हेतु प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न जिलों से पदयात्रा करते हुए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा आज अधिकारियों के साथ संपूर्ण मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी अलेक्जेंडर किरो तथा यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अंजोरा से डोंगरगढ़ तक लगभग 61.8 किलोमीटर लंबे मार्ग का विस्तृत भ्रमण किया गया तथा मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख चौक-चौराहों, पड़ाव स्थलों एवं संभावित भीड़ वाले स्थानों का जायजा लिया गया। राजनांदगांव पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि पदयात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, सड़क के निर्धारित हिस्से पर ही चलें तथा सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर सकें।



### अंजोरा से होगा वन वे

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए इस वर्ष अंजोरा ग्राम से आगे मार्ग को वन-वे किया जाएगा, साथ ही मार्ग के एक हिस्से को विशेष रूप से पदयात्रियों के लिए सुरक्षित एवं आरक्षित किया जाएगा, जिससे पैदल श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त समन्वित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पड़ोसी जिलों दुर्ग एवं महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि अंतर जिला मार्गों पर भी यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### पदयात्रियों को मिलेगा रिफ्लेक्टर स्टिकर

पदयात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष राजनांदगांव पुलिस द्वारा पदयात्रियों को रेडियम बेल्ट तथा बैग,शर्ट पर लगाने हेतु रिफ्लेक्टर स्टीकर वितरित किए जाएंगे, ताकि रात्रि के समय भी दूर से ही पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को वाहन चालक स्पष्ट रूप से देख सकें और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके।

### 16 को होगा पूर्वाभ्यास

व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 16 मार्च को राजनांदगांव पुलिस द्वारा संपूर्ण पुलिस बल एवं स्टॉपर्स के साथ रियल-टाइम रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) किया जाएगा।जिससे ड्यूटी पर तैनात होने वाले प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने दायित्वों की स्पष्ट जानकारी हो सके तथा यदि किसी प्रकार की कमी सामने आती है तो उसे नवरात्रि प्रारंभ होने से पूर्व ही दूर किया जा सके।

### यातायात व्यवस्था की योजना तैयार

निरीक्षण के दौरान पदयात्रियों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टॉपर्स, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, प्रकाश व्यवस्था तथा रूट प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का विस्तृत परीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही तुमड़ीबोड़ मार्ग से आने वाले पदयात्रियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए उस मार्ग का भी अवलोकन कर यातायात व्यवस्था की योजना तैयार की गई।

# नकली शराब-बीयर बेचने का आरोप कांग्रेसियों ने घेरा आबकारी विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के प्रीमियम वाइन शॉप में एक्सपायरी डेट मिटी और डबल लेबलिंग की गई बीयर की केन मामले को लेकर आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आबकारी विभाग का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नकली शराब, बीयर बेचे जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

शराब की खाली बोतल में मुख्यमंत्री की तस्वीर लगाकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं कलेक्टोरेट के भीतर पहुंचकर आबकारी विभाग के गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता में आबकारी अधिकारी को मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी शराब की खाली बोतल भेंट करने कोशिश की।

### बच्चों को रोकने व्यवस्था नहीं

सोमवार को शराब दुकान में शहर के एक निजी स्कूल के दो बच्चों के द्वारा शराब लेने पहुंचे जाने के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि आबकारी विभाग लापरवाह बना हुआ है । शराब दुकान तक पहुंचने से पहले बच्चों को रोक दिया जाना था।



विभागीय लापरवाही के चलते स्कूली बच्चे काउंटर तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि यहां कोई गार्ड भी नहीं रहता है, जो बच्चों को यहां आने से रोक सके ।

### कार्रवाई की मांग

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में नकली शराब और बीयर बेची जा रही है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर को शराब का गढ़ बनाया जा रहा है। कांग्रेस शासन काल में यहां सिर्फ दो दुकान थी, जो अब भाजपा शासन में सात दुकान हो गई है। इस मामले में जितने भी लोग संलिप्त हो सभी पर कार्रवाई की जाए।

### प्रीमियम शॉप को बंद करने मांग

नकली बीयर के मामले को लेकर प्रदर्शन करने आबकारी विभाग पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आबकारी अधिकारी के सामने बीयर केन में लगी ऊपरी रैपर को फाड़कर भीतर दूसरी ब्रांड को दिखाते हुए इस मामले में विरोध प्रकट किया। उन्होंने इस बीयर को बेचने वाले प्रीमियम वाइन शॉप को तत्काल बंद करने मांग की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस पदाधिकारी अभिमन्यु मिश्रा, गणेश पवार, शरद पटेल, विप्लव शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, मृतक की शिनाख्ति का लालबाग पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना लालबाग के धारा 281,125(ए) बी.एन.एस. के आहत अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष जो 3 मार्च को पेंड्री पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन के द्वारा दुर्घटना किए जाने तथा आहत अचेत अवस्था में मेडिकल कालेज पेंड्री अस्पताल में भर्ती होने बाबत जरिये फोन से सूचना प्राप्त होने पर अपराध पंजीबद्ध कर आहत एवं अज्ञात वाहन व चालक का पता तलाश में लिया गया था।

### शिनाख्ति का प्रयास

पुलिस के अनुसार घायल अज्ञात पुरुष का 9 मार्च को मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है। अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 50 साल का नाम पता तथा वारिसानों का वर्तमान में पता नहीं चल पाया है । पुलिस ने अपील की है कि अज्ञात आहत के बारे में दर्ज गुम इंसान हो तो अपने अपने थाना क्षेत्र में पता तलाश कर जानकारी थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को सूचित करें।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड, आरोपी गिरफ्तार

- सोमनी पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अश्लील विडियो अपलोड करने के मामले की जांच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीपीडब्लु योजना अंतर्गत भारत सरकार गृह मंत्रालय के एनसीआरबी नई दिल्ली द्वारा साइबर पोर्टल के माध्यम से प्रेषित सायबर टिप लाईन सोशल मीडिया पर महिला एवं बच्चों से संबंधित किये जा रहे अपराधों की रोकथाम हेतु आरोपियों के विरूद्ध किये जा रहे कार्यवाही के तहत आरोपी अरविन्द पाण्डेय जिनके द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से अश्लील वीडियो अपलोड किया गया था। थाना सोमनी में धारा 67(बी) आई टी एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के मुताबिक मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में तकनीकी सहयोग से आरोपी का पता तलाश किया गया, आरोपी अरविंद पांडेय 29 वर्ष निवासी पाण्डेपुरवा चिकना बाजार जिला गोंडा उत्तर प्रदेश को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन व सिम को जब्त कर विधिवत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम खुज्जी, बघमार, साल्हे, लक्ष्मणभरदा, गनेरी-मनेरी, नादिया तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नागरकोहरा, बरछाटोला, कल्लूटोला, मोतीपुर, बंशीबंजारी क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।



खनिज अमला द्वारा इन क्षेत्रों में खनिज रेत एवं मुरूम के अवैध परिवहन व उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें नागरकोहरा निवासी भारत साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी08 ए डब्ल्यू 3323 एवं हाईवा-सीजी 08 एएच 7389 तथा मुरूम-मिट्टी को थाना चिचोला सुपुर्द किया गया। पाण्डुका निवासी तिरथदास साहू के स्वामित्व की ट्रैक्टर जॉन डियर-सोल्ड हरा रंग एवं रेत तथा लक्ष्मणभरदा निवासी भानूराम गोड़ के स्वामित्व की टैक्टर स्वराज-सोल्ड नीला रंग एवं रेत को थाना डोंगरगांव सुपुर्द किया गया।



## खबर संक्षेप

### बैरख में आठवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

**कवर्धा।** वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय बैरख में कक्षा सातवी के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 8 वीं के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई, इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा को उत्साह की तरह खुशी और आत्मविश्वास के साथ देना चाहिए। उन्होने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी। तथा कक्षा 8 वीं के छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा किए, इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# मोर-गांव मोर-पानी माह अभियान, पानी सहजने जिले की पंचायतों में हो रहे अभिनव प्रयास

- 4,975 कंटूर ट्रेंच से बदलेगी तस्वीर, 53 लाख 72 हजार लीटर जल का होगा संरक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से वित्तीय वर्ष 2025-26 में बंजर भूमि को विकसित करते हुए कुल 4,975 कंटूर ट्रेंच का निर्माण कराया गया है, जिससे लगभग 53 लाख 73 हजार लीटर जल संरक्षण होने की सम्भावना है। जिले में जल संकट को देखते हुए इसके निदान के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री छ ग शासन एवं मंत्री पंचायत ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा की प्रेरणा से गांव का पानी गांव में और घर का पानी घर में के उद्देश्य को पूरा करने के लिए जल संरक्षण और गिरते भू-जल स्तर में सुधार के लिए पूरे प्रदेश में मोर-गांव मोर-पानी महा अभियान का शुभारंभ किया था। इस अभियान के तहत गत वर्ष जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में लोगों ने स्व प्रेरणा से सोख्ता गड्ढे का निर्माण किया था। वर्तमान में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर महात्मा गांधी नरेगा योजना से जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर के ग्राम कोराइडोंगरी में 15.48 एकड़ बंजर भूमि पर 2,511 कंटूर ट्रेंच बनाए गए हैं। वहीं ग्राम पंचायत बड़ौदाकला के ग्राम बड़ौदाकला में 13.70 एकड़ भूमि पर 2,464 कंटूर ट्रेंच का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन संरचनाओं से वर्षा जल का बेहतर संचय होता है। जिससे भू-जल स्तर में सुधार, मृदा संरक्षण और हरियाली बढ़ाने में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। साथ ही यह पहल ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहा है। मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत गांगपुर में निर्मित कंटूर ट्रेंच से ग्रामीणों को 2564 मानव दिवस का रोजगार मिला है तथा 669204 रुपए का मजदुरी भुगतान प्राप्त हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत बड़ौदा कला में 2485 मानव दिवस का रोजगार और 648585 रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को प्राप्त हुआ है।

### जल संरक्षण की दिशा में हो रहा लगातार प्रयासः कलेक्टर



कलेक्टर गोपाल वर्मा कंटूर ट्रेंच जैसे कार्यों से स्पष्ट है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर आगे बढ़ने की ठोस सोच पर काम हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र में जल संरक्षण की शुरुआत बताते हुए प्रशासन के पहल कि सराहना की है। हम जिले में अमृत सरोवर, आजीविका डबरी, तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, पक्की एवं कच्ची नाली निर्माण, नाला गाद सफाई कार्य, कंटूर ट्रेंच निर्माण, सोक पिट निर्माण, सामुदायिक डबरी जैसे अनेको कार्य द्वारा इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इन कार्यों से एक और जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नई संरचना का निर्माण हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर मनरेगा योजना द्वारा ग्रामीणों को रोजगार और इसका मजदूरी भुगतान भी मिल रहा है।

### गिरते भू-जल स्तर को रोकने सामूहिक प्रयास जरूरीः सीईओ

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने कहा की गिरते भू-जल स्तर पर हम सबको मिल कर काम करना होगा। मैदानी क्षेत्र से लेकर वनांचल क्षेत्र तक पानी रोकने के काम में सबको आगे आना होगा। जल संरक्षण से ही सुनहरे भविष्य की कल्पना की जा सकती है। पानी की बचत न केवल कृषि कार्य के लिए जरूरी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पूरी अर्थव्यवस्था इससे जुड़ी हुई है।

वन भूमि पर अवैध कब्जा, रोडवेज सेवाओं, अग्निशमन के आधुनिकीकरण एवं भुईया पोर्टल पर फसल प्रविष्टि का उठाया मुद्दा

# विधायक भावना ने विधानसभा सदन में प्रदेश व जनहित से जुड़े प्रमुख विषयों को उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधानसभा सदन में प्रदेश व जनहित से जुड़े प्रमुख विषयों को उठाया। उन्होंने वन भूमि में अवैध अतिक्रमण, अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण, प्रदेश में जनता की सुविधा हेतु रोडवेज सेवाओं और भुईया पोर्टल पर फसल प्रविष्टि के विषय में प्रश्न किया। भावना बोहरा ने पूछा कि कबीरधाम जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र पंडरिया के बदौरा बीट में वर्ष-2025 के दौरान संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं पौधों को उखाड़ने की कितनी घटनाएं सामने आई हैं? उक्त मामले में अब तक कितने व्यक्तियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किए गए हैं तथा संरक्षित वन भूमि पर हुए नुकसान का आकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति वसूलने अथवा पुनः पौधरोपण कराने की कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? क्या विभाग द्वारा इस क्षेत्र में भविष्य में अवैध अतिक्रमण एवं वन अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु कोई विशेष कार्ययोजना अथवा निगरानी व्यवस्था लागू की गई है? जिसके लिखित उत्तर में वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम को जिला कबीरधाम अंतर्गत हस्तान्तरित वन क्षेत्र के वन परिक्षेत्र पंडरिया के बदौरा बीट में वर्ष-2025 के दौरान संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं पौधों को उखाड़ने की 03 घटनाएं सामने आई। उक्त मामले में 04 व्यक्तियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किये हैं तथा संबंधित वन भूमि पर किए गए वृक्षारोपण में रोपित सागौन रूटशूट को उखाड़ कर नष्ट करने से हुए नुकसान का आंकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति 1,99,190 रुपए शासकीय कोषालय में जमा करने बाबत निर्देशित किया गया है किन्तु आरोपियों द्वारा राशि जमा करने से मना किया गया जिसके परिणाम स्वरूप चारों आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पंडरिया के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा वन अपराध की गंभीरता को देखते हुए चारों आरोपियों को जमानत देने से इन्कार किया गया एवं जेल दाखिल आदेश किया गया। वर्तमान में उक्त प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

विभाग द्वारा इस क्षेत्र में भविष्य में अवैध अतिक्रमण एवं वन अपराध की पुनरावृत्ति रोकने हेतु वन अमले द्वारा नियमित रूप से मासिक बीट निरीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है एवं घटित वन अपराधों पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्र में निरंतर गश्ती हेतु विशेष गश्ती दल का गठन किया गया है। संवेदनशील वन क्षेत्रों में सहायक परियोजना क्षेत्रपाल, वन रक्षकों एवं सुरक्षा श्रमिकों द्वारा सतत गश्ती की जा रही है, ताकि वन अपराधों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकें तथा समीपस्थ ग्राम वासियों की बैठक लेकर वन क्षेत्र में अतिक्रमण न करने की समझाईश दी जाती है।

छत्तीसगढ़ में जनता को सुगम आवागमन सुविधा के लिए भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि छत्तीसगढ़ रोडवेज का संचालन कब से बंद है तथा इसे पुनः प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा 11 फरवरी 2026 तक क्या-क्या प्रयास किए गए हैं? निजी बस संचालकों द्वारा निर्धारित मनमाने किराए एवं अनियमित समय-सारिणी की शिकायतों पर नियंत्रण हेतु शासन द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है? क्या राज्य में सस्ती, सुरक्षित एवं नियमित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पुनः स्थापित करने हेतु विचार किया जा रहा है? जिसके लिखित उत्तर में वन मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 13 दिसम्बर 2002 तक मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम संचालित था। उसके पश्चात राज्य में किसी भी प्रकार के रोडवेज का गठन नहीं किया गया है। पुनः प्रारंभ करने हेतु कोई योजना नही बनाई गई है। निजी बस संचालकों द्वारा मनमाने किराये एवं अनियमित समय सारणी की शिकायतों पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

### अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के विषय में पूछा



भावना बोहरा ने आपातकालीन समय में संजीवनी के रूप में अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के विषय में प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत राज्य में अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण हेतु भारत सरकार से धनराशि प्राप्त हुई है? जिला कबीरधाम में उपरोक्त प्राप्त धनराशि में से अब तक कितनी राशि व्यय की गई है तथा यह राशि किन-किन मदों में खर्च की गई है? वर्तमान में जिला कबीरधाम में उक्त योजना के अंतर्गत कितनी राशि शेष है? जिसके लिखित उत्तर में राजस्व मंत्री ने बताया कि केवल वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु भारत सरकार से रूपए 3324.30 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शेष वर्षो हेतु कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। भारत सरकार द्वारा जिलेवार राशि आबंटित नहीं की गई है। जिला कबीरधाम हेतु कोई राशि व्यय नहीं की गई है।

# दिनेश पाण्डेय कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष नियुक्त, क्षेत्र में उत्साह

- कुण्डा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. अकबर भाई के मार्गदर्शन में प्रदेश महासचिव मलकित सिंह गेंदु, जिला संगठन प्रभारी पदम कोठारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा का विस्तार किया गया, जिसमे सभी पदाधिकारयों का नियुक्ति किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष हेतु बद्रीनाथ खांडे, उपाध्यक्ष हेतु दिनेश पाण्डेय, श्रीमती प्रीति ठाकुर, धन्नू यादव, सनत चंद्राकर, मनोज भास्कर, हेमू साहू, तुलसी चंद्राकर, महामंत्री हेतु विनोद रजक, राजेंद्र चंद्रवंशी, मनोहर टोंन्द्रे, लक्ष्मण यादव, यासीन खान, कृष्ण मोचन चंद्रवंशी, रंजीत सिंगरोल, बैजनाथ चंद्रवंशी, हेमलता साहू, सत्येन्द्र दिवाकर तथा सचिव पद की जिम्मेदारी बलदाऊ साहू, राजेश बंजारे, फारूक खान, पवन शर्मा, हेमलता झारिया, हेमलाल यादव, रवि मेहरा, दीपकुमार घृतलहरे को दिया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों मे अनुज चंद्रवंशी, बेदीराम यादव, दिलीप चंद्रवंशी, रुखमणि ठाकुर को जिम्मेदारी दिया गया।

वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के इस विस्तार होने पर सभी पदाधिकारीयों को जिला महामंत्री प्रशांत खांडे, शिव सिंह चौहान, साधेलाल अनंत, उत्तर चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, रोमीपाल खनुजा, प्रमोद पात्रे, राजेश चंद्रवंशी, भरत साहू, रामावतार सिंगरौल, नकुल सिंह चौहान, सुनील जोशी, लाला चंद्रवंशी, गुरुनद गोस्वामी, परमानंद साहू, शुभम साहू, ओंकार साहू, अंशु साहू, लखन सिंगरौल सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के पदाधिकारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया साथ ही कुण्डा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त है।

# अनदेखीः नौनिहालों को किराए के भवन का सहारा

## छात्राओं को नहीं मिल पा रहा खेलने-कूदने का माहौल




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के कुण्डा-दामापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना के आश्रित ग्राम कुआंमालगी में आंगनबाड़ी भवन की कमी के कारण छोटे-छोटे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई वर्षो से यहां आंगनबाड़ी केंद्र के लिए स्थायी भवन उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते केंद्र कभी पंचायत भवन तो कभी किराए के मकान या कार्यकर्ताओं के घरों में संचालित करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कुआंमालगी में दो आंगनबाड़ी केंद्र हैं, लेकिन दोनों के भवन जर्जर हो चुके हैं। भवनों में दरारें आने के कारण वहां बच्चों को बैठाना सुरक्षित नहीं माना जा रहा है। मजबूरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने ही घरों में केंद्र संचालित कर रही हैं। वहीं ग्राम पंचायत सेमरकोना में लगभग 20 वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन में ही चल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को जानकारी और मांग पत्र देने के बावजूद अब तक नए भवन निर्माण या मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में कुपोषण मुक्त अभियान चलाने वाले आंगनबाड़ी केंद्र ही अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जहां भवन जर्जर हैं वहां मरम्मत की स्वीकृति दी जाए और जहां भवन नहीं है वहां नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण और खेलकूद की सुविधाएं मिल सकें। अभी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बच्चों, महिलाओं और किशोरियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# जगन्नाथ पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव

- विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



जगन्नाथ पब्लिक स्कूल रापा-पेंड्रीकला में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि नंदलाल चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर एवं चन्द्रभान गायकवाड़ विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय की प्राचार्या मनमीत कौर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अर्जुन तिवारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और जीवन में ऊंचे लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष राजेश चंद्राकर ने विद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या मनमीत कौर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने विद्यालय परिवार के इस सफल आयोजन की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लक्ष्मण यादव व विनोद रजक बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के महामंत्री




**हरिभूमि कुण्डा।** मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा की कार्यकारिणी की सूची प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासनिक छत्तीसगढ़ कांग्रेस मलकीत सिंह गेंदू ने जारी की। प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री अकबर भाई एवं जिला कांग्रेस प्रभारी पदम कोठारी के अनुशंसा जिला अध्यक्ष कांग्रेस नवीन के सहमति ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस उतरा दिवाकर द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा का विस्तार करते 1 कोषाध्यक्ष, 7 उपाध्यक्ष, 10 महामंत्री, 7 सचिव व 5 कार्यकारिणी सदस्य नियुक्ति किया गया है, जिसमें कुण्डा निवासी विनोद रजक एवं सेन्हाभाठा निवासी लक्ष्मण यादव को महामंत्री की अहम जवाबदारी दिया गया। लक्ष्मण यादव एवं विनोद रजक के महामंत्री की नियुक्ति की खबर सामने आते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में उत्साह और खुशी बनी हुई है। श्री यादव एवं श्री रजक के महामंत्री बनने पर जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर, मनोहर चंद्राकर, महामंत्री साधेराम अनंत, पूर्व उपाध्यक्ष अमरजीत सलूजा, पूर्व महामंत्री हरचरण खनूजा, जनपद सदस्य ममता विजय शुक्ला, आरती सुमन, प्रशांत परिहार, महामंत्री शिवकुमार चौहान, हेमंत सिंगरौल, प्रशांत खांडे, भरत साहू, रामातार सिंगरौल, तारामणि चंद्राकर, रामसिंह साहू, भागवत चंद्राकर, कृष्णा बंजारे, रामखिलावन साहू, ओंकार साहू, गौतम साहू, लखन साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

### पीएम जनमन आवास बना जुगरी बाई बैगा का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना का सीधा लाभ बैगा समुदाय के लोगों को मिल रहा है। कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की हितग्राही श्रीमती जुगरी बाई बैगा पति शिवनाथ बैगा का अपना पक्के आशियाने का सपना अब साकार हो गया है। जुगरी बैगा ने आवास पूर्ण होने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा दोनों बदल दी है। वर्ष 2023-24 में आवास की मंजूरी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पात्रता में नाम दर्ज किया गया। आवास के लिए पात्र होने पर जिला प्रशासन द्वारा अविलंब आवास के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपए सीधे उनके बैंक खाते में ऑनलाइन डीबीटी से जमा किया गया, जिससे पक्का आवास बनाने का काम शुरू हो गया। आवास की प्रगति पर द्वितीय किश्त की राशि 60 हजार रुपए, तृतीय किश्त की राशि 80 हजार रुपए एवं चतुर्थ किश्त की राशि 20 हजार रुपए हितग्राही को उनके बैंक खाता में ऑनलाईन डीबीटी से जारी कर दी गई। देखते ही देखते सपनों का घर बनकर तैयार हो गया।

### संकुल खैरझिटी पुराना में मनाया गया होली मिलन समारोह



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** संकुल खैरझिटी पुराना में होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह और आपसी सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर की गई, जिससे पूरे परिसर में रंगों की उमंग और खुशियों का माहौल बन गया। इस अवसर पर गांगपुर पूर्व माध्यमिक शाला के देशमुख को प्रधान पाठक बनाए जाने पर संकुल परिवार द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी तथा उनके सफल नेतृत्व में विद्यालय के सर्वांगीण विकास की आशा व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि उनके अनुभव और समर्पण से संस्था नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। इसी क्रम में गांगपुर पूर्व माध्यमिक शाला के डॉ लवकेश पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने इसे संकुल के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि उनकी यह सफलता क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देगी। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य दीपक ठाकुर ने अपने विशेष उद्बोधन में सभी शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि संकुल परिवार की यह विशेषता है कि यहां सभी शिक्षक एक परिवार की तरह कार्य करते हैं और एक-दूसरे की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने श्री देशमुख को प्रधान पाठक बनने तथा डॉ लवकेश पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां पूरे संकुल के लिए गौरव का विषय हैं और इनसे अन्य शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समारोह के दौरान रंग-गुलाल के साथ मिठाइयों का वितरण किया गया। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य दीपक ठाकुर, श्री सप्रे, श्री सोनी, श्री मरावी, विशोक साहू , श्री कृशे, श्री धुर्वे, श्री मरकाम, तामेश्वर, श्री देवांगन मैडम सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**कवर्धा।** व्यापमं के पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन लेना प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में विभागीय जानकारी के अनुसार संबंधित अभ्यर्थी 27 मार्च तक व्यापमं के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। व्यापमं ने इस परीक्षा की संभावित तारीख 14 मई घोषित की है। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए संबंधित अभ्यर्थी विभाग से संपर्क कर सकते हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार भी जिले में इस परीक्षा में शामिल होने बड़ी संख्या में विद्यार्थी तैयारियों में जुटे हैं और उन्हें अब परीक्षा का इंतजार है।

# ग्राम कुकरापानी के नाबालिग अमरलाल बैगा की संदिग्ध मौत की हो सूक्ष्म जांचः कांग्रेस

- कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रेसवार्ता आयोजित कर उठाए कई गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम कुकरापानी निवासी 17 वर्षीय नाबालिग अमर लाल सिंह बैगा की संदिग्ध मौत का मामला अब राजनैतिक रूप लेते जा रहा है। इस मामले को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने मृतक के पिता मलखान सिंह को साथ लेकर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर शासन-प्रशासन से मृतक का पुनः पीएम कराए जाने और आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग की है। कांग्रेस पदाधिकारियों व मृतक के परिजनो ने अपनी इस मांग को लेकर प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व मृतक के पिता मलखान सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश की बिछिया थाना पुलिस ने ग्राम कुकरापानी निवासी अमर लाल सिंह बैगा की मौत का कारण सड़क दुर्घटना बताया है जो की पूरी तरह से गलत है जबकि उसकी मौत बिछिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा बेरहमी से की गई जीवलेवा मारपीट से हुई है। लेकिन पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ मारपीट के मामले के मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की है। वहीं मृतक के शव को भी परिजनो को सूचना दिए बगैर दफना दिया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों व परिजनो ने मांग की है कि मृतक के शव का पुनः पीएम कराया जाए तथा आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

**जिला कांग्रेस कमेटी व परिजनों ने उठाए सवाल**




इस बेहद गंभीर मामले में सवाल उठाए जा रहे हैं कि मारपीट के बाद जब पुलिस ने अमरलाल को अस्पताल में भर्ती कराया था तो वह वहां से भाग कैसे सकता है। इसकी जांच होनी चाहिए। अगर अमरलाल की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है तो इसके साक्ष्य क्या है? फिर अमरलाल की मौत के तत्काल बाद पुलिस ने मृतक के शव को दफनाने में इतनी जल्दबाजी क्यों की? कांग्रेस पार्टी व परिजनो ने प्रदेश के गृह मंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ही सरकार है और मृतक अमरलाल छत्तीसगढ़ राज्य के गृह मंत्री के गृह जिले का बालक है ऐसे में उम्मीद की जाती है कि वे मृतक के परिवार की पीड़ा को समझते हुए मामले की सूक्ष्म जांच कराकर परिवार को न्याय दिलाएं।

**मुआवजे की मांग व चेतावनी**

कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि मृतक के परिजनो को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए साथ ही खेती किसानी के लिए जमीन दी जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी अगर मांगे पूरी नहीं की जाती है तो आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**उम्मीद:** संग्रहकों को महुआ से अच्छी आय की उम्मीद

# महुआ की फसल तैयार वनवासी संग्रहण में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रीष्म ऋतु में हर साल की तरह इस बार भी जिले के वनांचलों में महुआ की फसल तैयार हो चुकी है और वनवासी इसके संग्रहण में जुट गए हैं। महुआ, जिसे वनवासियों की आय का प्रमुख स्त्रोत माना जाता है, इस बार भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। मौसम में कई तरह की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जिले के पंडरिया, बोड़ला और स. लोहारा क्षेत्रों में महुआ की पैदावार अच्छी रही है। इसके चलते जंगलों का माहौल महुआ की खुशबू और मादकता से महक रहा है।

जंगलों में महुआ के फूलों से लदे पेड़ों को देखकर वनवासियों के चेहरों पर भी संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रही है। जानकारी के अनुसार, वनवासी भोर फटने से पहले सपरिवार पेड़ों के नीचे पहुंचकर महुआ के फूल बीनना शुरू कर देते हैं। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि फसल हाथ से न निकल जाए। सूरज निकलते ही उनकी टोकरियाँ महुआ के फलों से लबालब भर जाती हैं। वनवासियों के लिए महुआ केवल एक फसल नहीं है, बल्कि उनकी जीवन-यात्रा का अहम हिस्सा है। महुआ के फूल और फल उनके लिए सालभर की जरूरतों के लिए आय का एक प्रमुख साधन बन जाते हैं। इस फसल के संग्रहण से उन्हें 1-2 माह का गुजर-बसर आसानी से हो जाता है। हालांकि, इस काम में उन्हें काफी मेहनत और मशक्कत करनी पड़ती है। महुआ के पेड़ों के नीचे पहले से मौजूद फलों को किसी और के हाथों से बचाने के लिए वे भोर में ही जंगल की ओर रुख कर लेते हैं। इसके अलावा, तपती दोपहर में भी संग्रहण कार्य करना पड़ता है, ताकि फसल बर्बाद न हो। लेकिन इन कठिन परिश्रमों के बावजूद वनवासियों को महुआ के उचित मूल्य नहीं मिल पाते।

व्यापारी उनकी मेहनत की कीमत के अनुसार महुआ की खरीद नहीं करते और अक्सर कम दाम में फसल खरीद लेते हैं। इससे वनवासियों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है, जबकि महुआ उनके जीवन की अहम धुरी है। वनवासियों का यह भी कहना है कि जिले के जंगलों में महुआ के पेड़ों की संख्या लगातार घटती जा रही है। महुआ की लकड़ी बहुउपयोगी और मजबूत होने के कारण इसे दरवाजे, खिड़की और अन्य घरेलू सामान बनाने के लिए काटा जा रहा है। जंगलों में लगातार कटाई से महुआ के प्राकृतिक संसाधनों में कमी आई है। पहले के समय में पूरा गांव जंगल में जाकर महुआ संग्रह नहीं कर पाता था, लेकिन अब उन्हें महुआ के पेड़ खोजने पड़ते हैं और जब पेड़ मिल भी जाता है तो वहां पहले से कई लोग फसल बीनते नजर आते हैं।

वनवासियों के अनुसार, अगर जंगलों में महुआ के पेड़ों की संख्या लगातार घटती रही, तो आने वाले वर्षों में इस फसल का संकट खड़ा हो सकता है। यह न केवल वनवासियों की आय को प्रभावित करेगा, बल्कि जंगल के पारिस्थितिक संतुलन पर भी असर डालेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि महुआ के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है, ताकि यह प्राकृतिक संसाधन भविष्य में भी उपलब्ध रहे और वनवासियों की आजीविका सुरक्षित बनी रहे। इस वर्ष महुआ की अच्छी पैदावार से वनवासियों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दे रहा है।

भले ही मेहनत ज्यादा हो और मुनाफा कम मिले, लेकिन यह फसल उनके लिए जीविका का आधार बनी हुई है। ऐसे में महुआ का संरक्षण, उचित मूल्य और वनवासियों की मेहनत का सम्मान, तीनों ही आवश्यक हैं, ताकि यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित बनी रहे।

**लगातार घट रही महुआ पेड़ों की संख्या**



वनवासियों की माने तो जिले के जंगलों में महुआ के पेड़ों की संख्या लगातार घट रही है। बहुउपयोगी महुआ की लकड़ी को मजबूत व चिरस्थायी मानते हुए लोग इसे दरवाले, खिड़की आदि सामान बनाने काट रहे है। जिसके चलते जंगल में महुआ पेड़ों की संख्या काफी कम हो चुकी है। वनवासियों की माने तो एक समय था जब पूरा गांव भी जंगलों से महुआ एकत्र नहीं कर पाता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है उन्हें महुआ के पेड़ खोजने पड़ते है और पेड़ मिल भी गया तो वहां पहले से कई लोग संग्रह करते नजर आते है।

# बंद सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने की मांग को लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बंशापुर, धोराबंद सहित चार गांव को जोड़ने वाली बहुप्रतिक्षिक निर्माणाधीन सड़क कार्य को तथाकथित रूप से राजनीतिक दबाव और सत्ता के दुरुपयोग के चलते अचानक रोके जाने का मामला लगातार तूल पकड़ते दिखाई दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने करीब हफ्तें भर पूर्व में इस सड़क को पुनः प्रारंभ कराए जाने की मांग को लेकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था लेकिन ग्रामीणों को आरोप है कि उनकी मांग पर अब तक शासन-प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शासन-प्रशासन के इस उपेक्षा पूर्व रवैये को देखते हुए अब ग्रामीणों ने 11 मार्च बुधवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय कवर्धा का घेराव एवं धरना-प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया है। इस बात की सूचना मंगलवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने बकायदा जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक तथा प्रशासन को लिखित में दे दी है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क हमारे लिए जीवन मरण से जुड़ी बहुप्रतिक्षिक मांग रही है जिसका निर्माण कार्य तो प्रारंभ हुआ लेकिन अब सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास और आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन राजनीतिक जिद और दबाव के कारण इसे रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने बताया कि इस आंदोलन के माध्यम से प्रशासन से एकमात्र मांग की जाएगी कि बंद पड़े सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से पुनः प्रारंभ कराया जाए तथा विकास कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद किया जाए। ग्रामीणों की माने तो आंदोलन में बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक महिला, युवा, बुजुर्ग बच्चे भी शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो आगे भी क्रमबद्ध रूप से चक्काजाम, घेराव, पुतलादहन एवं उग्र आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है।



# बोड़ला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

साइबर अपराधों के बढ़ते ग्राफ और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कबीरधाम पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी रूपक शर्मा के मार्गदर्शन में बोड़ला पुलिस द्वारा जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

तहसील कार्यालय के पास आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ने राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के दौरान उपनिरीक्षक गोविंद चंद्रवंशी ने साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों जैसे लोन ऐप फ्राड, लकी ड्रॉ, और अनजान लिंक के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के प्रति लोगों को सचेत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक विवरण या आधार नंबर साझा न करें। वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट जैसे डराकर पैसे ऐंठने वाले मामलों से बचने के लिए उन्होंने कहा कि पुलिस कभी भी वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी की धमकी नहीं देती। ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

**सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा**

सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद चंद्रवंशी ने यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शराब का सेवन कर कोई भी वाहन न चलाए। उन्होंने आगे कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी। इस दौरान थाना उपनिरीक्षक गोविंद चंद्रवंशी, सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद चंद्रवंशी, मनोज महोबिया, प्रशिक्षु आबकारी उपनिरीक्षक भूपेश कुमार साहू, उमाशंकर नाग, झूलूराम धुर्वे पत्रकार दीपक मागरे, मुकेश अवस्थी, आशु चंद्रवंशी, राजेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# 2 सौ से 3 सौ रुपए किलो बिक रही बोहार भाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

जिले के पांडातराई नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गर्मी के मौसम में मिलने वाली खास स्थानीय भाजी बोहार भाजी बाजार में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। छत्तीसगढ़ में वैसे तो पालक, चौलाई, मेथी और लाल भाजी जैसी हरी सब्जियों का व्यापक उपयोग होता है, लेकिन यहां की पारंपरिक लोकल भाजियों का भी अलग ही महत्व है। इन्हीं में से एक बोहार भाजी है, जो साल में केवल कुछ ही दिनों के लिए बाजार में उपलब्ध होती है और अपने लाजवाब स्वाद के कारण लोगों की पसंदीदा बन जाती है। पांडातराई नगर के साप्ताहिक और दैनिक बाजारों में इन दिनों बोहार भाजी की अच्छी आवक देखी जा रही है। हालांकि इसकी कीमत 200 से 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, फिर भी लोगों में इसे खरीदने को लेकर खास उत्साह दिखाई दे रहा है। बाजार में सुबह से ही कई लोग बोहार भाजी की तलाश में नजर आते हैं और उपलब्ध होते ही इसे तुरंत खरीद लेते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बोहार भाजी का स्वाद अन्य भाजियों से बिल्कुल अलग और बेहद स्वादिष्ट होता है। इसे आमतौर पर लहसुन, मिर्च और हल्के मसालों के साथ भूनकर या साग के रूप में पकाया जाता है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। कई परिवारों में यह पारंपरिक व्यंजन के रूप में भी बनाई जाती है। जानकारों के अनुसार बोहार भाजी केवल स्वाद में ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी काफी लाभकारी मानी जाती है। इसमें कई प्रकार के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होते हैं। यही वजह है कि सीमित समय के लिए उपलब्ध होने के बावजूद बोहार भाजी की मांग हर साल बढ़ती जा रही है। पांडातराई के बाजार में भी इन दिनों इसकी अच्छी बिक्री हो रही है और लोग इसके स्वाद का आनंद लेने के लिए ऊंची कीमत चुकाने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं।

## बिहान से बदली जिंदगी, मजदूरी करने वाली महिला बनीं डिजिटल लोक सेवा केंद्र संचालक



**कवर्धा।** कल तक जो हाथ सिर्फ मजदूरी के लिए उठते थे, आज वही हाथ डिजिटल क्रांति और ग्रामीण व्यापार की कमान संभाल रहे हैं। जिला कबीरधाम की श्रीमती महेश्वरी साहू ने यह साबित कर दिया है कि यदि दृढ़ निश्चय और सही अवसर मिले, तो एक ग्रामीण महिला भी अपने परिवार की तकदीर बदल सकती है। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहड़िया की रहने वाली महेश्वरी दीदी का जीवन कभी संघर्षों और अभावों के बीच बीतता था। समूह से जुड़ने से पहले वह केवल मजदूरी और छोटी-मोटी खेती पर निर्भर थीं, जिससे उनकी वार्षिक आय मात्र 50 हजार रुपये हो पाती थी। इस सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। महेश्वरी दीदी के जीवन में परिवर्तन का नया सवेरा तब आया जब उन्होंने ष्जय माँ लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूहष की सदस्यता ली। श्बिहानश योजना के माध्यम से समूह की बैठकों में शामिल होकर उन्हें न केवल बचत का महत्व समझ आया, बल्कि सरकारी योजनाओं और बैंक ऋण की प्रक्रियाओं की भी जानकारी मिली। समूह के माध्यम से उन्हें चक्रीय निधि और सामुदायिक निवेश कोष जैसी वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 25 हजार रुपये का बैंक ऋण भी प्राप्त किया। प्राप्त वित्तीय सहायता का सदुपयोग करते हुए महेश्वरी दीदी ने पारंपरिक कार्यों के साथ-साथ आय के नए और आधुनिक स्रोत विकसित किए। उन्होंने गाँव में एक फैंसी एवं जनरल स्टोरश खोला और साथ ही डिजिटल सेवाओं की महत्ता को समझते हुए एक श्डिजिटल लोक सेवा केंद्र का संचालन भी शुरू किया। आज वह कृषि और मजदूरी के साथ-साथ इन व्यवसायों और श्बिहान कैडर के कार्यों से प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 53 हजार रुपये कमा रही हैं।

**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सत्ती वार्ड कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित**

# किशोरियों को दी गई मानसिक स्वास्थ्य व यौन शिक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सत्ती वार्ड कवर्धा में 9 मार्च को स्कूली शिक्षा में नवाचार के अंतर्गत छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षिका संगीता बघेल द्वारा किया गया, जिसमें किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और यौन शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मनसयुक्ति समग्र स्वास्थ्य सेवाएं, बिलासपुर की संस्थापक डॉ. सुजाता पाण्डेय रहीं। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के बारे में छात्राओं को सरल और सहज भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि इस उम्र में मन में उठने वाले सवालों और दुविधाओं को दबाने के बजाय सही जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। कार्यशाला में छात्राओं को भावनात्मक मजबूती, तनाव और घबराहट से निपटने के उपाय, यौन शिक्षा एवं बॉडी सेफ्टी, तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के तरीके बताए गए। इस दौरान मूड मीटर की अवधारणा भी समझाई गई, जिसमें बताया गया कि जैसे शरीर का तापमान बदलता है वैसे ही हमारे मन में भी भावनाओं के उतार-चढ़ाव होते हैं, जिन्हें संतुलित रखना आवश्यक है। डॉ. पीएल जांगड़े ने बच्चों के विकास के लिए पोषण आहार, संतुलित भोजन और नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार और योग से मानसिक चेतना का विकास होता है। श्रीमती संगीता बघेल ने बताया कि यह कार्यशाला विशेष रूप से बच्चों की परीक्षा के समय होने वाले डर और एंग्जायटी को दूर करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उन्होंने ध्यान, मेडिटेशन, संतुलित आहार, सकारात्मक विचार और योग को मानसिक संतुलन के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में बीआरसी केश लाल साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में संगीता बघेल द्वारा अतिथियों को पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस अवसर पर डॉ. पीएल जांगड़े, बीआरसी केश लाल साहू, विधि तिवारी, सीएसी योगेश्वर साहू, संगीता बघेल, लक्ष्मण साहू सहित एमडीएम समूह की महिला सदस्य उपस्थित थे।

# जिले के 375 मर्ज शालाओं को नहीं मिला अनुदान

- एसोसिएशन ने मर्ज शालाओं के लिए राशि देने किया मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के 375 शालाओं का युक्तियुक्तकरण कर दो या तीन शालाओं को मर्ज कर एक शाला बना दिया गया, लेकिन विद्यालय संचालन के लिए मिलने वाला अनुदान राशि नहीं दिया गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन ने युक्तियुक्तकरण के तहत विलय अर्थात मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए भी छात्रहित व शालेय व्यवस्था हेतु पूर्ववत पृथक से शाला अनुदान राशि शीघ्र जारी करने की मांग किया है, ताकि विद्यालयों का व्यवस्थित व सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिन शालाओं में अन्य स्कूल को मर्ज किया गया है, उन्हें शाला संचालन के लिए कोई भी राशि नहीं दिया गया है। मुख्य यूडाइस वाले शाला को भी पूर्ववत ही राशि जारी किया गया है, जिससे वे अपने शाला की व्यवस्था कर रहे हैं। समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय रायपुर द्वारा वर्तमान सत्र 2025-26 हेतु शाला अनुदान की राशि जारी किया गया है, जिसमें 1 से 30 तक दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए दस हजार, 31 से 100 दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए पच्चीस हजार, 100 से 250 दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए पचास हजार, 251 से अधिक दर्ज विद्यार्थी वाले विद्यालयों के लिए पचहत्तर हजार राशि शाला अनुदान के तहत जारी किया गया है। इसके अलावा प्रति मिडिल स्कूल, ईको क्लब 2500 रुपए, प्रायमरी स्कूल 1000 रुपए, प्रति विद्यालय 300 रुपए कम्युनिटी मद एवं 500 रुपए एसएमसी के लिए जारी किया गया है, लेकिन युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जिन विद्यालयों का आपस में मर्ज किया गया है, उन विद्यालयों के लिए पृथक से शाला अनुदान, इको क्लब , कम्यूनिटी, एसएमसी की राशि जारी नहीं किया गया है। जिस शाला में मर्ज किया गया है वहां भी अतिरिक्त राशि नहीं दिया गया है। अनेक स्थानों पर हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों का विलय किया गया है, जिसके कारण पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के लिए शाला अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं हो पाया है, इसी प्रकार जिन पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालयों का मर्ज किया गया है, वहां भी प्राथमिक शाला के लिए अनुदान राशि जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण संबंधित विद्यालयों में मरम्मत, रखरखाव, स्वच्छता, स्टेशनरी व आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संचालन में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रहा है। इससे शालेय व्यवस्था, स्वच्छता, भवन सुरक्षा व छात्रों के कक्ष के जीर्ण शीर्ण होने का अंदेशा है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने मांग किया है कि युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए भी छात्रहित व शालेय व्यवस्था हेतु प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के अनुसार पूर्ववत पृथक रूप से शाला अनुदान की राशि शीघ्र जारी किया जावे, ताकि विद्यालयों का व्यवस्थित व सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके।